# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# मेरठ–250110

**वित्त समिति की 22वीं बैठक दिनाँक 28 मार्च, 2025 का कार्यवृत्त**

वित्त समिति की 22वीं बैठक दिनाँक 28 मार्च, 2025 को पूर्वान्ह् 11.30 बजे से आयोजित की गयी।

**वित्त समिति की बैठक में उपस्थिति निम्नवत् थी:–**

1. डा0 के0के0 सिंह, कुलपति, — **अध्यक्ष**
2. श्री ओम प्रकाश वर्मा, विशेष सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान (उ0प्र0 शासन, लखनऊ) (प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उ0प्र0 शासन के प्रतिनिधि) — **सदस्य**
3. श्री अतुल कुमार सिंह, अपर निदेशक पेंशन एवं कोषागार, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव, वित्त के प्रतिनिधि)। — **सदस्य**
4. डा0 संजय सिंह, महानिदेशक, उ0प्र0 कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ (ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया)। — **सदस्य**
5. डा0 मोनिका सिंह, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि)–(ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया) — **सदस्य**
6. श्री देवव्रत त्यागी, प्रगतिशील कृषक — **सदस्य**
7. श्री पंकज कुमार चतुर्वेदी, वित्त नियन्त्रक — **सदस्य सचिव**

सर्वप्रथम माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष वित्त समिति द्वारा उपरोक्तानुसार आयोजित बैठक में प्रतिभाग करने वाले सभी सम्मानित मा0 सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारम्भ करने की घोषणा की गयी।

वित्त नियंत्रक / सचिव वित्त समिति
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

कुलपति
स० व० भा० प० कृषि एवं प्रौद्यो
विश्वविद्यालय, मेरठ-250110

**प्रस्ताव संख्या 22.1:—** **वित्त समिति की 21वीं बैठक दिनाँक 12 नवम्बर, 2024 (ऑनलाईन) के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

दिनाँक 12 नवम्बर, 2024 (ऑनलाईन) को सम्पन्न 21वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**प्रस्ताव संख्या 22.2:—** **वित्त समिति की 21वीं बैठक दिनाँक 12 नवम्बर, 2024 (ऑनलाईन) में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

वित्त समिति द्वारा 21वीं बैठक दिनांक 12 नवम्बर, 2024 (ऑनलाईन) के निर्णयों की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।

**(कार्रवाईः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 22.3:—** **कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ के विभिन्न वादों हेतु मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ, राज्य पिछड़ वर्ग आयोग, लखनऊ एवं अन्य आयोगों/ ट्रिब्युनल/राज्य जनसूचना आयोग तथा अन्य हेतु पूर्व में अनुमोदित पैनल में श्री बिपिन कुमार राय, अधिवक्ता को भी रखे जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ के विभिन्न वादों हेतु मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ, राज्य पिछड़ वर्ग आयोग, लखनऊ एवं अन्य आयोगों/ ट्रिब्युनल/राज्य जनसूचना आयोग तथा अन्य हेतु पूर्व में अनुमोदित पैनल में श्री बिपिन कुमार राय, अधिवक्ता, चैम्बर नं0–408, ब्लॉक–डी0, हाईकोर्ट काम्पलैक्स, लखनऊ को भी नामित करने के लिए मा0 प्रबन्ध परिषद से अनुमोदन हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

**(कार्रवाईः अध्यक्ष विधिक समिति/कुलसचिव/निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण)**



वित्त नियंत्रक/सचिव वित्त समिति
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250

कुलपति
स० व० भा० प० कृषि एवं प्रौ०
विश्वविद्यालय, मेरठ-2501

**प्रस्ताव संख्या 22.4:–** **वित्तीय वर्ष 2025–2026 हेतु विश्वविद्यालय में कराये जाने वाले आवश्यक लघु निर्माण तथा मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य हेतु रू0 250.00 लाख की धनराशि का प्राविधान कराये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी, निर्माण द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–2026 हेतु विश्वविद्यालय में कराये जाने वाले आवश्यक लघु निर्माण तथा मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य हेतु रू0 350.00 लाख की धनराशि का प्राविधान कराये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

उपरोक्त प्रस्ताव के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2025–2026 हेतु विश्वविद्यालय में कराये जाने वाले आवश्यक लघु निर्माण तथा मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य हेतु रू0 250.00 लाख की धनराशि का प्राविधान हेतु मा0 प्रबन्ध परिषद से अनुमोदन हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

**(कार्रवाईः नोडल अधिकारी, निर्माण/वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 22.5:–** **वित्तीय वर्ष 2023–24 के अन्तिम लेखे/बैलेन्स शीट का अनुमोदन।**

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ की वित्तीय वर्ष 2023–24 के अन्तिम लेखे/बैलेन्स पर मा0 प्रबन्ध परिषद के अनुमोदन हेतु वित्त समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी।

**(कार्रवाईः वित्त नियन्त्रक)**



वित्त नियंत्रक/सचिव वित्त समिति
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

कुलपति
स० व० भा० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ-2501

**प्रस्ताव संख्या 22.6:–** **वित्तीय वर्ष 2024–2025 का पुनरीक्षित तथा वित्तीय वर्ष 2025–2026 का आय–व्ययक**

वित्तीय वर्ष 2024–25 का पुनरीक्षित तथा वित्तीय वर्ष 2025–26 का आय–व्ययक का अनुमोदन वित्त समिति द्वारा किया गया।

<u>आय–व्ययक वित्तीय वर्ष 2025–26</u>

(रू0 लाख में)

| क्रम सं0 | विभिन्न प्राप्तियां एवं व्यय | वास्तविक आंकड़े 2023–24 | आय–व्ययक अनुमान 2024–25 | पुनरीक्षित अनुमान 2024–25 | आय–व्ययक अनुमान 2025–26 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजस्व प्राप्तियां | 12664.53 | 17312.37 | 11767.71 | 25614.00 |
| 2 | पूँजीगत प्राप्तियां | 1448.28 | 4113.75 | 3073.75 | 16980.40 |
| 3 | **योग (1+2)** | **14112.81** | **21426.12** | **14841.46** | **42594.40** |
| 4 | राजस्व व्यय | 11387.39 | 17885.87 | 12231.41 | 26112.35 |
| 5 | पूँजीगत व्यय | 1448.28 | 4113.75 | 3073.75 | 16980.40 |
| 6 | **योग (4+5)** | **12835.67** | **21999.62** | **15305.16** | **43092.75** |

**(कार्रवाई: वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 22.7:–** **विश्वविद्यालय के उपयोगार्थ कुल 04 वाहन कैटेट मद से क्रय करने हेतु रू0 50.00 लाख की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय के उपयोगार्थ कुल 04 वाहन कैटेट मद से क्रय करने हेतु वित्त समिति द्वारा गहन विचार–विमर्श उपरांत कुलपति कार्यालय के वाहन संख्या यू0पी0–15–ए0जी0–0637 एवं कुलसचिव को आवंटित वाहन संख्या यू0पी0–15–ए0वी0–7171 को निष्प्रोज्य घोषित करते हुए समस्त औपचारिकताओं के उपरांत कुल 02 नये वाहन क्रय करने हेतु माननीय प्रबन्ध प्रबन्ध से अनुमोदन प्राप्त करने के लिए वित्त समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी।

**(कार्रवाई: प्रभारी अधिकारी, पूल)**



वित्त नियंत्रक/सचिव वित्त समिति
स0 व0 प0 कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

कुलपति
स0 व0 भा0 प0 कृषि एवं ... विश्वविद्यालय, मेरठ–25...

वित्त नियन्त्रक/सदस्य सचिव, वित्त समिति द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

28/03/25

(पंकज कुमार चतुर्वेदी)
वित्त नियन्त्रक/सचिव, वित्त समिति

वित्त नियंत्रक/सचिव वित्त समिति
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

अनुमोदित

28/03/25

(डा0 के0के0 सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष

कुलपति
स० व० भा० प० कृषि एवं प्रौद्यो०
विश्वविद्यालय, मेरठ-250110